'समाज सेवा के लिए अभिसरण :कौशल विकास'

दिनांक 7 दिसम्बर, 2021 से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस इकाई के तत्वाधान से महाविद्यालय में प्रारम्भ हुई पांच दिवसीय ″कौशल विकास द्वारा समाज सेवा में योगदान″ कार्यशाला के दूसरे दिन के पर शिक्षण सत्रों ने विद्यार्थियों को उत्साहित और आकर्षित किया। यह कार्यशाला 7 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक चलेगी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकार के साथ साथ उनके कर्तव्य और जिम्मेदारियों से अवगत कराना है, जो एक विद्यार्थी के रूप में वो सभी अपने समाज के लिए निभा सकते हैं। डा एम पी सिंह ने विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उनका अभिवादन सुनकर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के अग्रवाल महाविद्यालय के वालंटियर्स में एक नई ऊर्जा का संचालन हुआ। आज कार्यशाला के कुल छह सत्र रहे। सर्वप्रथम, कल संपन हुए सत्रों के पाठ्यक्रम से विद्यार्थिओं की असेसमेंट ली गई और कल की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सी पी आर व्याखान के साथ साथ विद्यार्थीओं के लिए प्रायोगिक सत्रों का आयोजन भी किया गया। मरीज को हस्पताल ले जाते समय क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, यह सब विद्यार्थीओं को प्रयोग के माध्यम से समझाया गया। प्रिंसिपल डॉ कृष्ण कांत के मार्ग दर्शन में आयोजित यह कार्यशाला आज रेडक्रॉस तथा सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के वालंटियर्स के लिए उत्साह और आकर्षण का केंद्र बनी रही। सफलता पूर्वक आयोजित इस कार्यशाला मे डा देवेन्द्र, असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान और सुभाष, असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग का भी सक्रिय भागीदारी रही।

HALL
EFFECT
AI QUAD CAMERA
Shot by dev

AI QUAD CAMERA
Shot by dev

realme Shot on realme 7i
2021/12/08 13:30


realme
Shot on realme 7i
2021/12/08 13:31

realme
Shot on realme 7i
2021/12/08 13:29